हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 15.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री


12 बिजली किल्लत को लेकर पहुंचे पांच गांवों के किसान





12 महिलाओं को मिले विशेष जिम्मेदारीः डॉ. पुष्पा




## खबर संक्षेप

### परिचित बनकर लगाया 70 हजार रुपये का चूना

**जींद।** परिचित बता कर गलती से खाते मे राशि आने की बात कह कर व्यक्ति को 70 हजार रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हरिगढ़ निवासी हरेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।

### सांड की चपेट में आने से एक व्यक्ति चोटिल

**कैथल।** कैथल शहर आज आवारा सांडो और पशुओं की शरण स्थली बना हुआ है। लोगो द्वारा लंबे समय से पुरजोर मांग के बाबजूद जिला प्रशासन और नगर परिषद द्वारा कोई विशेष करवाही नही की जा रही जिस से नागरिकों में रोष है। आज सुबह स्थानीय प्रोफेसर कालोनी में अशोक मेहता पत्नी के साथ गाड़ी में बैठ रहे थे तो सांड ने नौकर पवन को उठाकर पटक दिया।

### ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव लुदाना में बीती रात चोरों ने ब्रीडिंग फार्म से ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गगंसीना निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके लुदाना स्थित ब्रीडिंग फार्म से ट्रांसफार्मर के उपकरणों को चोरी कर लिया।

### चोरी का आरोपित प्रोडक्शन वारंट पर

**कैथल।** वर्ष 2020 दौरान थाना शहर क्षेत्र से घर से जेवरात व लाइसेंसी रिवाल्वर चुराने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एचसी बलजोर सिंह ने करते आरोपी गांव मानस निवासी असलम खान उर्फ आशु को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कागजी कार्रवाई पूर्ण उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मां और बेटे को घायल करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव ललितखेड़ा में रंजिशन मां व बेटे पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ललितखेडा निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाट में उपले बना रही था। उस दौरान ओमा परिवार ने उन्हें उपले बनाने से रोका ओर झगड़े पर उतर आए।

### पत्र लिखकर 17 वर्षीय किशोरी लापता, केस

**कैथल।** जिले के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी एक पत्र लिखकर घर से चली गई। किशोरी ने पत्र में लिखा कि वह अपने प्रेमी को हवालात से छुड़वाने जा रही है, परिवार उसे बेदखल कर दे। चीका पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर लिया है। चीका पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव के एक युवक ने चीका पुलिस को शिकायत दी है।

### आरओ प्लांट से चोरी का आरोपित पकड़ा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के आरओ प्लांट पर चोरी के आरोप में पुलिस ने आरोपित को गिरफतार किया है। पुलिस ने रोहतक जिले के निंदाना गांव निवासी राकेश को गिरफतार किया है। हिसार के बास गांव निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जुलाना में स्थित श्रीराम आरओ प्लांट से 21 दिसंबर 2022 को एक पिकअप, दो फोन और नकदी चुराई थी।

### ट्रक चोरी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**कैथल।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र से वर्ष 2019 दौरान ट्रक चोरी करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव गंधरा जिला रोहतक निवासी सुरेश उर्फ मोनु को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुख्यमंत्री आज जींद-कैथल को देंगे विकास कार्यों की सौगात

## ऑनलाइन करेंगे परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल जींद को लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न विकास योजना की बुधवार को सौगात देंगे। मुख्यमंत्री 24 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से जींद से संबंधित 4.80 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे तथा 60.22 करोड़ की एक परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके लिए लघु सचिवालय में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।



जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 3 .29 करोड़ रुपये की राशि से तैयार हुई जींद सर्कल की बडसीकरी माइनर के बन जाने से किसानों को सीधा फायदा पहुंचेगा। अब संबंधित किसानों के खेतों में टेल तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इससे किसानों के आय में बढ़ौतरी होना स्वाभाविक है। इसी प्रकार अमृत सरोवर योजना के तहत 52 लाख 82 हजार रुपये की लागत से नरवाना खंड के दबलैन गांव में ब्रहाणवाला तालाब का निर्माण करवाया गया है। सफीदों खण्ड के मुआना गांव में 31 लाख 54 हजार रुपये की लागत से फिरनी वाला जोहड़, उचाना उपमंडल के कुचराना खुर्द गांव में बने तालाब पर 34 लाख डह हजार की राशि खर्च की गई है, मांडी कलां गांव के भगतवाला तालाब पर 32.30 लाख रुपये से अमृत सरोवर योजना के तहत विकास कार्य करवाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल वर्चुअल माध्यम से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 60 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टीचिंग ब्लॉक का नींव पत्थर रखेंगे।

### कैथलः जिलास्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि होंगी राज्यमंत्री कमलेश ढांडा

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि 24 जनवरी को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री मनोहर लाल विडियो कॉन्फ्रेंस से जिला में अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा बतौर मुक्चय अतिथि शिरकत करेंगी। डीसी ने बताया कि सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी पूंडरी में 1 करोड़ 27 लाख 74 हजार रुपये की धनराशि से बनने वाले कवर्ड शैड का शिलान्यास और 4 करोड़ 64 लाख 51 हजार रुपये जल प्रणाली, आंतरिक सडक की विशेष मुरक्वमत, शैलो ड़ेरन तथा एक नक्वबर कॉमन प्लेटफॅर्म का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे मुक्चयमंत्री मनोहर लाला विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गांव हाबड़ी में 75 लाख रुपये की राशि से अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम का प्रसारण गांव के कार्यक्रम स्थल पर होगा।

### पटवारियों की हड़ताल जारी, लोग परेशान

**जींद।** द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को पटवारियों की हड़ताल सीमा पटवारी की अध्यक्षता में जारी रही। मंच संचालन जिला सचिव अमरदीप श्योकंद ने किया। प्रधान सूबे सिंह व पूर्व प्रधान नरेश ढांडा ने कहा कि अगर जल्द ही सरकर ने पटवारियों की मांग पूरी नहीं की तो बड़ा आंदोलन होगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की अनदेखी के चलते पटवारी लगातार हड़ताल बढ़ाने को मजबूर हैं। शुरू में पटवारियों ने तीन जनवरी से लेकर पांच जनवरी तक हड़ताल की थी। उन्होंने कहा कि पटवारियों को उम्मीद थी कि तीन दिन की हड़ताल के बाद से ही सरकार उन्हें वार्ता के लिए बुला लेगी लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते पटवारी हड़ताल को अब छठी बार बढ़ाने को मजबूर हैं। धरनारत पटिवारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिद्विक्तकेशन जारी नहीं किया गया है।



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी।

# भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस अब देश को स्वीकार नहींः सैनी

- जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते कहा कि कांग्रेस राम मंदिर को लेकर सदा राजनीति करती आई है। अयोध्या में राम मंदिर ना बन सके इसके लिए कांग्रेस ने बड़े-बड़े वकील खड़े किए। भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली भी कांग्रेस है। भगवान राम 140 करोड़ लोगों की आस्था का केंद्र है और दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस आस्था के साथ भी राजनीति कर रही है। एक सवाल का जवाब देते प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि एक मंच पर जो इक्ट्ठा नहीं बैठ सकते वह कांग्रेस के नेता प्रदेश को एकजुट कैसे रख सकते हैं। कहा कि कांग्रेस दो धड़ों में बंटी हुई पार्टी है। जब-जब भी कांग्रेस की सरकार आती है तेजी से भ्रष्टाचार बढ़ता है। कांग्रेस कुर्सी के लिए झूठ बोल कर जनता को भ्रमित करने में लगी हुई है। सैनी ने कहा कि कांग्रेस को आम जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। चुनाव 2024 पर पूछे गए सवाल पर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। देश और प्रदेश की जनता प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पसंद करती है। 500 वर्षो् के बाद भारत की जनता का सपना पूरा हुआ है।

### देश विकास के पथ पर

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 मोदी सरकार ने खत्म की है। हमारे लिए गौरव की बात है कि भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री मोदी देश को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। देश की जनता भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है। सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल योजनाबद्ध तरीके से हरियाणा का विकास कर रहे हैं। प्रदेश की जनता मनोहर सरकार की नीतियों से प्रभावित है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल शासन किया, झूठी घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को ठगा है। कांग्रेस ने किसानों का कभी हित नहीं सोचा। फसल खराब होने पर कांग्रेस सरकार में दो रुपये से पांच रुपये के चेक मिलते थे।

## लंबे रूटों पर जाने वाले यात्रियों को होगी परेशानी

# रोडवेज बसों का चक्काजाम आज, लोगों को होगी दिक्कत

## निजी बस संचालकों का ऐलान हम अपनी बसें चलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आज अगर आप रोडवेज बसों के माध्यम से कहीं बाहर जाने का मन बना रहे हैं तो जरा संभल जाएं। बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों ने बसों के चक्का जाम का ऐलान किया है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि निजी बस संचालकों ने ऐलान किया है कि वह अपनी बसें चलाएंगे, इसलिए लोकल रूटों पर कम लेकिन दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, हिसार, पंचकूला समेत दूसरे लंबे रूटों पर दिक्कत आ सकती है। कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर न्याय संहिता बिल के विरोध मेंए स्टेज कैरिज स्कीम के परमिट रद करने समेत 30 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 24 दिसंबर को रोडवेज कर्मचारियों ने करनाल में मुख्यमंत्री कैंप का घेराव किया था तो उस समय 10 जनवरी से पहले सांझा मोर्चा के साथ बैठक करवाने का आश्वासन मंत्री द्वारा दिया गया था। अभी तक उनके साथ बैठक नहीं हो पाई है। इसके रोष में ही उन्होंने 24 जनवरी को चक्का जाम का ऐलान किया था। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि उनकी मांग है कि न्याय संहिता बिल रद्द किया जाएए कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, चालक. परिचालक वेतन विसंगति को दूर किया जाएए पुरानी पेंशन बहाल की जाएए 2016 में लगे चालकों को पक्का किया जाए। कर्मचारियों को अर्जित अवकाश दिया जाए। इन सब मांगों को लेकर ही रोडवेज कर्मचारी आज चक्का जाम कर रहे हैं। अगर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा किया गया बसों का चक्का जाम का आह्वान सफल रहता है तो फिर जींद डिपो की 170 बसों के पहिये थम जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ जाएगी। जींद से चंडीगढ़, पंचकूला, दिल्ली, गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, पानीपत, हरिद्वार, सालासर, नारनौल समेत लंबे रूटों के अलावा अंतरजिला रूटों पर बसें चलती हैं। जिनमें हर रोज 20 हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। बसों के चक्का जाम से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश मुख्य संगठन सचिव अनूप , कर्मचारी नेता संदीप , आजाद गिल ने कहा कि न्याय संहिता बिल को रद करने समेत 30 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 24 दिसंबर को कर्मचारियों ने करनाल में मुख्यमंत्री कैंप का घेराव किया था तो उस समय 10 जनवरी से पहले सांझा मोर्चा के साथ बैठक करवाने का आश्वासन मंत्री द्वारा दिया गया था।



जींद। जींद बस अड्डा। फोटो :हरिभूमि

### नहीं आने दी जाएगी परेशानी

महाप्रबंधक कमलजीत ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि बसों का संचालन किया जाए। आमजन को किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी।

### निजी बस संचालक ये बोले

निजी बस संचालकों ने कहा कि वह रोडवेज की हड़ताल में शामिल नहीं होंगे। वह अपनी सभी बसें सुचारू रूप से चलाएंगे। स्टेज कैरिज प्राइवेट बस एसोसिएशन हरियाणा के राज्य प्रधान सुनील श्योरण ने कहा कि जींद जिले में करीब 189 निजी बसें विभिन्न रूटों पर दौड़ रही हैं।

### सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में होगा चक्काजाम

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा की गेट मीटिंग कृष्ण गुलियाना सचिव कैथल डिपो सांझा मोर्चा की अध्यक्षता में 18, 20 की हाजरी में वर्कशॉप कार्यशाला रोडवेज में हुई बैठक में यूनियन के सांझा मोर्चा के राज्य नेता आजाद गिल, कृष्ण राविश, सुशील कुमार, जसबीर सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर बैठक में सरकार की वादाखिलाफी व मानी गई मांगों को लागू नहीं करने के खिलाफ 24 जनवरी 2024 को कैथल डिपो में पूर्ण रूप से चक्का जाम रहेगा और चक्का जाम में कैथल डिपो के कर्मचारी बढ़-चढ़ कर भाग लेने की ठोस योजना बनाई गई। सांझा मोर्चा के राज्य नेता आजाद गिल, कृष्ण राविश, जसबीर सिंह, सुशील कुमार ने प्रदेश के सभी डिपुओं का दौरा करने के बाद यहां बताया सरकार द्वारा बार बार की जा रही वादाखिलाफी व उच्च अधिकारियों के टरकाऊ रवैये से कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया सांझा मोर्चा के साथ 13 दिसंबर को हुई बैठक में विभाग के उच्चाधिकारी रोडवेज कर्मचारियों की मांगों के लिए गंभीर नहीं दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सरकार की वादाखिलाफी का जवाब देने के लिए कैथल डिपो में 24 जनवरी 2024 को पूर्ण रूप से चक्का जाम किया जाएगा।

# फर्जी कागजों के सहारे हथियाई ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी

- डाक विभाग के सहायक की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने डाक विभाग में फर्जी कागजातों के सहारे ग्रामीण डाक सेवक नौकरी दिलाने मे सलिप्त व्यक्ति को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

हैडक्वार्टर करनाल डाक विभाग के सहायक अधीक्षक प्रेम ने 15 दिसंबर 2019 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि अप्रैल माह में डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाकसेवक की रिक्तयां निकाली गई थी। जिसमें गांव होशियारपुरा निवासी अजीत ने भी आवेदन किया था। मैरिट के आधार पर अजित का सिलेक्शन ग्रामीण डाक सेवक में हो गया। जिस पर उसे राम नगर में पोस्टिंग दे दी गई। विभाग द्वारा अजित समेत अन्य सिलेक्शन हुए कर्मियों के कागजातों की जांच करवाई गई। जांच में सामने आया कि अजीत की दसवीं कक्षा की मार्कशीट फर्जी थी। जिस पर डाक विभाग ने अजीत के खिलाफ फर्जी कागजातों का सहारा लेने पर पुलिस कार्रवाई की सिफारिश की गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने प्रेम की शिकायत पर अजीत के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े का सहारा लेने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जांच को आगे बढाया तो रूपनगर निवासी राजीव का नाम सामने आया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजीव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# ठंड का सितम जारी, नहीं मिल रही राहत

- ठंड को देखते 28 जनवरी तक 5वीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्टियां बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में ठंड से आमजन को राहत नही मिल रही है। सोमवार को जहां सूर्य देवता ने दर्शन दिए वहीं मंगलवार को शीत लहर के चलते दिनभर ठंडक का अहसास होता रहा। दो बजे सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो लोगों को कुछ ठंड से राहत मिली। वहीं ठंड को देखते हुए जिले में 28 जनवरी तक पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्टियां बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 28 जनवरी तक ठंड का सितम यूं ही रहेगा। इसके बाद ही राहत के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 29 जनवरी से दिन का तापमान लगातार बढ़ता जाएगा और प्रतिदिन धूप निकलने के संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री और न्यूनतम तापमान चार डिग्री रहा। दोपहर बाद कुछ देर के लिए सूर्य देवता के दर्शन हुए लेकिन ठंड का दौर जारी रहा। बाजार भी ग्राहकों से सुनसान रहे और दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते हुए नजर आए। शीतकालीन अवकाश के बाद छठी से 12वीं कक्षा तक के स्कूल खुल गए थे लेकिन पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्टी बढ़ा दी गई थी। अब सोमवार को ही नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे स्कूल गए थे लेकिन ठंड को देखते हुए 28 जनवरी तक दोबारा से छुट्टियां आगे बढ़ा दी गई। हालांकि छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी स्कूलों में जा रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि 26 और 27 जनवरी को हलकी बादलवाही भी छाने की आशंका रहेगी। 29 जनवरी से ठंड लगातार कम होती जाएगी। इसके बाद धूप भी निकलने की संभावना रहेगी। 28 तक शीतल लहर चलेगी। अधिकतम तापमान 13 से 15 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है तो न्यूनतम तापमान चार से छह डिग्री तक रहेगा। हवा की गति तीन से छह किलोमीटर रहेगी।



जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

## एकलव्य स्टेडियम में भव्य तरीके से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

# समारोह को लेकर फुलड्रेस रिहर्सल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे कर्तव्यनिष्ठा से निभाएं और समारोह में आमजन की 'यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने स्थानीय लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के अग्रिम प्रबंधों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए गए कार्य को कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों करवाएं और कार्यक्रम में रंगोली बनवाएं। उन्होंने नगर परिषद के सीईओ को वे समारोह स्थल तथा गोहाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें एवं शहीदी स्मारक एवं शहर के मुख्य चौराहों पर लाइटें एवं देशभक्ति के गीत भी चलवाएं। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समारोह स्थल पर रिहर्सल होगी तब से बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, सिविल सर्जन को समारोह स्थल पर एंबुलैंस की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।





जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह, शुगर मिल के एमडी प्रवीन कुमार, जींद के एसडीएम डा. पंकज, रोडवेज महाप्रबंधक कमलजीत चहल, नगराधीश नमिता कुमारी, रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रवि हुड्डा, डीपीओ सुलोचना कुंडू समेत विभिन्न स बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना दहेज शादी कर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिया समाज को अच्छा संदेश : मुख्यमंत्री

- एडवोकेट वेदपाल के बेटे की शादी समारोह में आशीर्वाद देने पहुंचे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल के बेटे के शादी समारोह में बधाई देने पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और परिवार जनों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदपाल एडवोकेट भाजपा के कर्मठ व ईमानदार कार्यकर्ता हैं, उन्होंने बच्चों की शादी में दहेज न लेकर एक अच्छी सोच का परिचय दिया है क्योंकि आज के समय में दहेज को लेकर युवा वर्ग जागरूक हो चुका है, चाहे वह किसी भी समाज से है।



बातचीत में सीएम ने कहा कि हम स ़बको भी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए खुद आगे आना होगा और जो लोग दहेज की मांग करते हैं ऐसे लोगों को सामाजिक तिरस्कार का सामना भी करना पड़ता है और कई मामलों में ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई भी होती है।

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी जींद इकाई ने लगाया रक्तदान शिविर

**जींद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई ने राज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी व विशेष अतिथि गोविंद सैनी द्वारा किया गया। सभी अतिथिगणों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

### रीतू एसएफआई मुख्य जिला संयोजक नियुक्त

**जींद।** एसएफआई ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जिला संयोजक कमेटी का निर्माण किया। जिसमें रीतू को मुख्य जिला संयोजक बनाया गया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला जींद कमेटी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बैठक बुलाई जिसमें नेताजी के विचारों पर चर्चा करते एसएफआई की 15 सदस्य जिला स्तरीय सांगठनिक कमेटी का निर्माण किया।

### गुलकनी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा गांव गुलकनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष और जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि गांव गुलकनी में सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर कविता ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुलिस के सब इंस्पेक्टर नरेश ढांडा ने शिरकत की।

### भजन-कीर्तन में राम के गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**उचाना।** शहर के वार्ड नंबर-7 की गली में कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। यहां पर भजन-कीर्तन में भगवान राम के गीतों पर श्रद्धालु झूमे। भगवान राम के जीवन पर भी कीर्तन में प्रकाश डाला गया। युग राम राज का आ गया, धर्म सनातन की धरती यहां भगवा ही पहचान, सिंहासन तैयार पधारो श्रीराम दरबार, जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे।

### उचाना में होगा फरक्का एक्सप्रेस का ठहराव

**उचाना।** मालदा टाउन (पश्चिमी बंगाल) से फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13413/14 जो पुरानी दिल्ली तक आती थी अब उसका विस्तार बठिंडा तक किया गया है। इसको लेकर हिसार लोकसभा से सांसद बृजेंद्र सिंह रेलमंत्री से मिलकर फरक्का एक्सप्रेस को विस्तार बठिंडा तक करने की मांग की थी। इस मांग को रेलवे द्वारा पूरा किया गया है। इस मांग को पूरा करने पर उचाना के लोगों ने सांसद बृजेंद्र सिंह का आभार प्रकट किया है।

### जींद में बदलाव रैली में उमड़ेंगी भीड़ : मोर

**उचाना।** 28 जनवरी को आम आदमी पार्टी द्वारा जींद में बदलाव रैली आयोजित की जा रही है। सफीदों रोड पर एकलव्य स्टेडियम में ये रैली आयोजित होगी। रैली को दिल्ली के सीएम केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवत मान सहित आप के बड़े नेता संबोधित करेंगे। आप हिसार लोकसभा के सचिव राजरूप मोर ने कहा कि बदलाव रैली को लेकर लोगों में उत्साह है।

### फ्री मेडिकल कैंप में 38 का जांचा स्वास्थ्य

**उचाना।** रेलवे रोड पर एसडी महिला कॉलेज के पास शिवम बच्चों एवं जनरल अस्पताल में मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया गया। डॉ. एमके शर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम में बुखार, खांसी सहित अन्य बीमारी का शिकार बच्चों के अलावा लोग हो रहे है। मुफ्त मेडिकल कैंप में 38 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### ताऊ के सपनों को दुष्यंत कर रहे साकार : सिहाग

**उचाना।** जजपा चुनावी रंग में नजर आने लगी है। गठबंधन सरकार में जजपा ने किसान, महिला एवं युवा कल्याण के अलावा जो-जो कार्य डिप्टी सीएम ने सरकार में करवाए गए है उन कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वार्षिक कैलेंडर से अवगत करवाने के लिए कैलेंडर बांटे गए। प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि दुष्यंत ताऊ देवीलाल के सपनों को साकार कर रहे है।

## नारेबाजी कर जताया रोष, एसडीओ के आश्वासन के बाद माने किसान

# निगम कार्यालय में बिजली किल्लत को लेकर पहुंचे पांच गांवों के किसान



**जुलाना।** बिजली किल्लत को लेकर निगम कार्यालय पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

बिजली निगम कार्यालय में बिजली किल्लत को लेकर पांच गांवों के किसान पहुंचे। किसानों ने नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। जुलाना, लजवाना कलां, हथवाला, किलाजफरगढ़ और बुढ़ाखेड़ा गांव के किसानों ने बताया कि खेतों में बिजली सप्लाई नही आने से उनकी गेंहू की फसल सुखने की कगार पर है। कई बार इसकी शिकायत भी दी गई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया। निगम के कर्मचारियों के रवैये को लेकर किसानों में रोष बना हुआ है। किसानों ने आरोप लगाया कि पौली फीडर पर लगातार 17 दिनों से बिजली नही आ रही है। कई बार इसकी शिकायत भी दी गई। किसानों पर निगम के कर्मचारियों की लापरवाही भारी पड़ रही है। मंगलवार को जुलाना के बिजली निगम कार्यालय में दर्जनों किसान पहुंचे और मैन गेट पर ताला लगाने का प्रयास किया। सूचना पाकर जुलाना बिजली निगम के एसडीओ अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों को जल्द ही समाधान का आस्वासन दिया। किसानों का कहना है कि अगर समाधान नही हुआ तो वो बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

बिजली निगम जुलाना के एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि खेतों की बिजली सप्लाई के लिए किसान निगम कार्यालय में पहुंचे थे। किसानों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। जिस भी गांव में तार टूटी हुई हैं उन्हें ठीक करने के लिए कर्मचारियों को भेज दिया गया है।

# बिजली निगम कर्मचारयों ने काले बिल्ले लगा दिया धरना

- बिजली मंत्री की वादाखिलाफी पर जताया रोष, एसई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने सरकार द्वारा वादाखिलाफी किए जाने के रोष स्वरूप मंगलवार को काले बिल्ले लगा कर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बिजली कर्मियों का कहना था कि गत 24 दिसंबर की रा'य कार्यकारिणी के फैसले अनुसार 10 अक्टूबर की बिजली मंत्री के साथ हुई वार्ता के बाद वादाखिलाफी की जा रही है। बाद में बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता प्रमोद को ज्ञापन सौंपा। सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि अक्टूबर 2023 में तीस सूत्रीय मांग को लेकर सिरसा बिजली मंत्री के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन पड़ाव डाला था। जिसमें तीसरे दौर की वार्ता में 10 मांगों पर सहमति बनी थी। मंत्री ने बताया कि ये मांग मेरे लेवल की है, इन को में तुरंत प्रभाव से लागू कर देते हैं। जिसमें मुख्य रुप से दिवाली गिफ्ट को तीन हजार रुपये करना, कच्चे कर्मचारियों व उनके आश्रितों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाना, पावर हाउस में प्रत्येक शिफ्ट में दो कर्मचारी लगाना, महिलाओं के लिए अलग से रेस्ट रुम की व्यवस्था, सभी कर्मचारियों को वर्दी की व्यवस्था करना, कच्चे कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर सम्मानजनक राशि की व्यवस्था करना तथा मेडिकल भत्ता, वर्दी भत्ता, कन्वेंस भत्ता तथा रिस्क भत्ता आदि लागू करना था लेकिन बिजली मंत्री ने एक भी मांग को लागू नहीं करवाया है। यूनियन ने बिजली मंत्री को दो से तीन बार पत्र भी लिखे लेकिन मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कार्रवाई नही हुई है। इस लिए बिजली कर्मचारियों में रोष है।




**जींद।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए बिजली निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रा'य ऑडिटर रा'य कमेटी सदस्य रामबीर, कृष्ण, राकेश कुमार, महताब शयोकंद, पकंज भाटिया, अमित खटकड़, अनूप सिंह, बलवान नेहरा, मंजीत रेढू, संदीप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## तलवारबाजी में कन्नूप्रिया-अनुष्का ने स्वर्ण और लक्ष्य ने जीता सिल्वर

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स व 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छाए इंडस के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023-24 तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडू में हुआ। यह प्रतियोगिता भी इंडस स्कूल जींद के प्रभाव से वंचित नही रही। इस प्रतियोगिता में इंडस पब्लिक स्कूल के छात्र लक्ष्य ने व्यक्तिगत रूप से सिल्वर पदक, कन्नूप्रिया ने व्यक्तिगत रूप से स्वर्ण पदक प्राप्त किया व 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अनुष्का ने अंडर-14 आयुवर्ग में छत्तीसगढ़ में स्वर्ण पदक जीत कर अपने जिले व स्कूल का नाम रोशन किया। इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि लक्ष्य, कनुप्रिया व आदित्य की इस उपलब्धि पर सभी को गर्व है। उन्होंने जींद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है। इसके लिए इनके कोच, अभिभावक व अध्यापक बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य अरुणा शर्मा व उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि लक्ष्य व कनुप्रिया अन्य प्रतियोगिताओं में भी मेडल जीत चुके हैं व खेलो इंडिया यूथ गेम में भी वह पीछे नही रहे और मेडल जीते। इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से ही बच्चों के अन्दर षारीरिक एंव मानसिक विकास उत्पन्न होता है।




**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

### 87 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

**नरवाना।** हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने नरवाना के विकास में अहम भूमिका निभाते हुए सैकड़ों करोड़ों रुपए के विकास कायेंा् को मंजूरी दिलाई जिसमें कुछ विकास कार्य पूरे हो चुके हैं और कुछ निर्माणाधीन स्थिति में है। विधायक रामनिवास ने निर्माण हो चुके विकास कायेंा् का उद्घाटन किया जिसमें गांव गुरथली में वाल्मीकि चौपाल में बने लंगर हाल का उद्घाटन जिसके निर्माण में कुल लागत लगभग 16 लाख रुपए आई थी। व अमरगढ़ में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनी ब्राह्मण चौपाल का उद्घाटन किया। इसी के साथ विधायक रामनिवास ने नए विकास कायेंा् में गांव सुरजाखेड़ा की 51 लाख रुपए से बनने जा रही वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास किया। विधायक रामनिवास ने कहा इसी प्रकार नए विकास कायेंा् का शिलान्यास जारी रहेगा व निर्माण हो चुके कायेंा् का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान पंचायती राज एसडीओ भूपेंद्र, सरपंच सुनीलए, सरपंच गगनदीप, ओम प्रकाश पंडित, नगर पार्षद अमरजीत उर्फ बब्लू, सरपंच कुलदीप, पवन मलिक ब्लॉक समिति सदस्य, मंदीप नैन ब्लॉक समिति सदस्य, पूर्व सरपंच सुल्तान, रूपेंदर मोर, सुमित नैन, मुकेश हमीरगढ़, मनोज भाणा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीमारियों के प्रति किया जागरूक

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव नगूरां में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को नगूरां गांव में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य वर्कर संजय कुमार ने की तथा मुख्य रूप से स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां गांव में लोगों को मलेरिया व डेंगू से फैलने वाली बीमारी के प्रति जागरूक किया। जिसमें बुखार संभावित लोगों के खून के नमूने लिए और जांच के लिए पीएचसी नगूरां में भेजने का काम किया। लोगों को मलेरिया व डेंगू के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य वर्कर संजय कुमार ने कहा कि बीमारी से बचने के लिए अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें।

नरेंद्र ढांडा ने कहा कि अगर कोई बुखार पीड़ित पाया जाता है तो स्वास्थ्य विभाग की टीम उसकी रक्त पट्टिकाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होता है जोकि दूषित पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया बुखार में कंपकपी के साथ बुखार आता है और गर्मी लगकर पसीना आकर बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है व सिर में दर्द होता है।



**अलेवा।** नगूरां में बुखार संभावित मरीजों की जांच करता स्वास्थ्य कर्मचारी संजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### कौशल रोजगार निगम के तहत लगे 50 कर्मियों ने ली सदस्यता

**जींद।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ब्रांच भवन व मार्ग शाखा की बैठक यूनियन कार्यालय प्रांगण में प्रांतीय कोषाध्यक्ष पवन रजाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव व प्रांतीय सचिव हरियाणा कर्मचारी महासंघ हीरामल नरवाल ने किया। बैठक में प्रांतीय उप महासचिव सुरेश शर्मा भी मौजूद रहे। पवन रजाना ने बताया कि आज कौशल रोजगार निगम के तहत लगे लगभग 50 कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की है। पवन रजाना ने संगठन में शामिल हुए कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि संगठन सदैव उनके हितों को मांगों की रक्षा करेगा और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की। बैठक में ब्रांच चेयरमैन गुलाब ढुल, जसवंत सिंह, मोहित कुमार, भगवानदास, राजेंद्र लोहान, सत्यनारायण काजल, रिनेश मोर, राहुल शर्मा, जगत मेहरा, प्रवीण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कार्तिक को मिठाई खिला किया सम्मानित

- नव दुर्गा स्कूल के पूर्व छात्र कार्तिक को गणतंत्र दिवस पर किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र कार्तिक शर्मा को 75वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसकी सूचना भारतीय सूचना लोक सेवा प्रसारक विभाग द्वारा नव दुर्गा स्कूल के माध्यम से कार्तिक को दी गई है। कार्तिक ने दसवीं की वार्षिक परीक्षा 2017-18 में 500 में से 498 अंक प्राप्त करके राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करते गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसी बड़ी उपलब्धि पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थी की प्रशंसा की थी। कार्तिक एक बहुत ही साधारण परिवार का बच्चा है और नवदुर्गा स्कूल ने इस बच्चे की हौंसलाअफजाही की। बारहवीं की परीक्षा में कार्तिक ने 2019-20 में 500 में से 497 अंक प्राप्त करके हरियाणा प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करते सिल्वर मेडल हासिल किया था। गरीबी की वजह से यह किसी भी तरह की एक्सट्रा कोचिंग नही ले सका था। केवल अपनी मेहनत तथा नव दुर्गा स्कूल के अध्यापकों की मेहनत के बल पर इसने मुकाम हासिल किया था। विद्यालय में खुशी का माहौल है तथा विद्यालय के चैयरमैन शिव नारायण शर्मा व प्रधानाचार्य मदन मोहन कौशिक ने कार्तिक को व परिवार तथा पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी।



**जींद।** कार्तिक शर्मा को मिठाई खिलाते शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते वीसी डा. रणपाल। फोटो :हरिभूमि

### वन प्लस ग्रेड प्राप्त करने की तैयारियों में जुटी विवि

**जींद।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) की तैयारियों को लेकर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा पांचवीं बैठक का आयोजन कुलपति डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन, प्रो. एसके सिन्हा, सभी सदस्यों एवं बाह्य विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। इस बैठक में 10 विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने पिछली बैठक से आजतक जो-जो काम किया था, उन सबका विवरण क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें डे-केयर सेंटर, इको क्लब के बारे, एल्युमिनी संगठन के बारे तथा प्रशासनिक ऑडिट करवाने तथा विश्वविद्यालय के आगे के 15 वर्षों का स्ट्रेटजिक प्लान और ऑर्गेनोग्राम इत्यादि पर विस्तृत चर्चा हुई। इन सभी बिंदुओं पर बाह्य विशेषज्ञ ने क्रमबद्ध तरीके से अपने सुझाव दिए। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय जुलाई माह में सेल्फ स्टडी रिपोर्ट भरने तथा नैक द्वारा वन प्लस ग्रेड प्राप्त करने की तैयारियों में अथक प्रयास के साथ लगा हुआ है।

# महिलाओं को मिले विशेष जिम्मेदारी: डॉ. पुष्पा

- महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

प्रदेश में महिलाओं को भी राजनीति में विशेष जिम्मेदारी दी जाए। जिस प्रकार भाजपा ने महिलाओं को पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है और लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का काम किया है। इसी तर्ज पर हरियाणा भाजपा संगठन व सरकार में महिलाओं को विशेष जिम्मेदारी दी जाए। क्योंकि आज महिलांए किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नही हैं। चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो या खेल का मैदान हो। हर ओर महिलाएं सफलता के झंडे गाड़ते हुए अपनी प्रतिभा को उजागर कर लोहा मनवाने का काम किया है। यह बात आज भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। डा पुष्पा तायल ने नायब सैनी से कहा कि महिलाओं को अगर बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी तो महिलाएं उसे बखूबी निभाना जानती हैं। तायल ने भावूक होते हुए कहा कि जैसा कि पुरूषों की संख्या राजनीति में महिलाओं की अपेक्षा 'यादा होने के कारण महिला कार्यकर्ताओं की आवाज को दबा दिया जाता है। धरातल पर महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत है तो महिलाओं को राजनिति में आगे लाना होगा।



**जुलाना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी से मुलाकात करते डा पुष्पा तायल। फोटो : हरिभूमि



**जुलाना।** हवन कार्यक्त्रम में भाग लेते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### गांव मालवी में सुख शांति के लिए किया हवन

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव में गांव की सुख शांति के लिए हवन का आयोजन किया गया। हवन में सैंकड़ों ग्रामीणों ने आहूति डाली। कार्यक्रम दुर्गा शक्ति महिला मंच व ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दुर्गा शक्ति महिला मंच की अध्यक्ष पूजा जांगड़ा ने शिरकत की। पूजा जांगड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए पूजा जांगड़ा ने कहा कि हवन करने से आस पास का वातावरण शुद्ध होता है। हवन हमारे पूर्वज आदि काल से ही करते आए हैं। अयोध्या में बनाए जा रहे राम मंदिर को लेकर हर घर में दीपक जलाए जा रहे हैं। विज्ञान ने माना है कि हवन करने से वातावरण से से नकारात्मक उर्जा खत्म होती है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए गौरव की बात है। इस मौके पर सरपंच राजेंद्र जांगड़ा, धमेंर्द्र कोच, अशोक शर्मा, राजेंद्र दलाल, सत्यवान कौशिक, पंचायत समिति सदस्य सुधीर, युद्धवीर दलाल, रानी, ओमपति, कमलेश, पिंकी, रजनी आदि मौजूद रहे।

## उपभोक्ता मात्र 3600 रुपये में डिफाल्टर के दाग से हो सकते हैं मुक्त

# निगम में उमड़ी बिजली उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज. जींद/अलेवा

अंत्योदय योजना के तहत बिजली बिलों में छूट के लिए बिजली निगम नगूरां में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस योजना के तहत बिजली उपभोक्ता मात्र 3600 रुपये भरकर अपना नाम निगम की डिफाल्टर श्रेणी से मुक्त करवा सकता है। बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा अंत्योदय योजना के तहत उन गरीब परिवारों को शामिल किया है। जिनकी आय फैमली आइडी में एक लाख से कम है तथा पूरे साल का बिजली का बिल 1800 यूनिट तक बनता है यानि के 150 यूनिट प्रति महीने के हिसाब से आती है। यही नहीं 500 के करीब बिजली उपभोक्ता इस योजना के तहत लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी बिजली उपभोक्ता जिसकी वार्षिक आय एक लाख से कम है तथा निगम की अन्य दूसरी शर्ते पूरा करता है। वह इस योजना का पात्र है। जिसमें बिजली उपभोक्ता बिजली बिलों के रूप में नाम मात्र राशि भरकर इस योजना में शामिल हो सकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है इस योजना का लाभ 'यादा से 'यादा उठाएं ताकि भविष्य में बिजली के बिलों के रूप में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



**जींद।** योजना का लाभ लेने के लिए लगी बिजली उपभोक्ताओं की भीड़।

**कनेक्शन कटा है तो योजना का लाभ देने के बाद जुडेगा**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सब डिवीजन नंबर एक के एसडीओ गुलशन कुमार ने बताया कि योजना के तहत प्रार्थी को केवल पिछले 12 माह की मूल राशि का ही भुगतान करना पड़ेगा। जोकि अधिकतम 3600 रुपये होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अंत्योदय परिवारों के पास तीन चीजें होना बेहद जरूरी हैं। जिसमें परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए। उपभोक्ता के चालू खाता पर सालाना बिजली यूनिट 1800 या उससे कम आना चाहिए। लाभ लेने वाला उम्मीदवार अंत्योदय गरीब परिवार का होना चाहिए। अन्यथा उसे सरकार की इस योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस योजना के तहत उपभोक्ता का बिजली बिल बेशक एक लाख या दो लाख का ही क्यों न हो लेकिन उसे 3600 रुपये की ही अदायगी करनी होगी। उपभोक्ता का अगर पुराना कनेक्शन काट दिया जा चुका है तो उसे योजना का लाभ लेने के बाद चालू किया जा सकता है।



**नरवाना।** अग्रसेन चौक पर माल्याअर्पण करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### अग्रवाल वैश्य समाज ने किया दीपोत्सव व आरती

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर पर महाराजा अग्रसेन चौक पर दीपोत्सव व आरती का कार्यक्रम किया गया। संस्था के अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने कहा कि सुबह शोभायात्रा में भी महंत अजय गिरी जी महाराज का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। दीपोत्सव पर रोहताश सिंगला प्रधान अग्रवाल जनजागरण मंच, पुनीत जैन लायंस क्लब, राजेश सिंगला श्याम परिवार, आशुतोष शर्मा नगर पार्षद, सतीश गोयल, विनोद मंगला संयोजक जयराम अस्पताल, अनुराधा मित्तल, मधुर गोयल युवा अध्यक्ष, कृष्ण गर्ग आदि गणमान्य जन द्वारा दीपक लेकर आरती की गई। पंडित रोशनलाल वेदपाठी द्वारा विधि-विधान से दीपोत्सव व आरती करवाई गई। संस्था के कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, प्रचार सचिव जगन्नाथ गर्ग, प्रैस प्रवक्ता दीपक सिंगला, सचिव पवन सिंगला, सुनील गर्ग, दिनेश मित्तल, राजेश मित्तल, सुनील सिंगला, आदित्य गर्ग, संदीप मित्तल, अशोक गर्ग द्वारा दीप जलाकर श्री राम लला के चरणों में रखे गए व एक-दूसरे को बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा कल

**कैथल** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया 25 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में शामिल करवाने के लिए जनसाधारण के बीच जागरूकता फैलाना है।

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को दबोचा

**कैथल**। एएसआई रणदेव सिंह द्वारा महिला के गले से चेन छीनने के मामले में उद्धघोषित अपराधी प्रताप कालोनी समाना पंजाब निवासी विजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 15 अप्रैल 2021 को थाना शहर क्षेत्र से एक महिला के गले से चैन छिनाझपटी करने का आरोप है। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है।

### लाखों के गहने, नकदी और अन्य सामान चोरी

**कैथल**। अलग-अलग मामलों में चोर लाखों के गहने, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में पूंडरी निवासी सोनू ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी ताला तोडकर उनके घर में घुस गए। आरोपी वहां से 90 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। नकदी सहित चोरी हुए सामान की कीमत तीन लाख 25 हजार रुपये है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस संदेश यात्रा में उमड़ रही भीड़ : सिंह

**पूंडरी**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कुमार शैलजा के बेहद करीबी चौ. बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा रही पूर्व कैबिनेट मंत्री बहन कुमारी शैलजा की कांग्रेस संदेश यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यात्रा में बहन कुमारी सैलजा के अलावा विधायक किरण चौधरी व रणदीप सिंह सुर्जेवाला भी शामिल हैं। आज अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत करते चौ. बलकार सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में कई घोटाले हो रहे हैं।

### रामलला के विराजमान होने पर लगाया भंडारा

**पूंडरी**। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर सेवा दल अरूणाय शाखा पूंडरी एवं रघुनाथ मंदिर पूंडरी भंडारा दिया गया। प्रधान सुल्तान टयोंठा व प्रबंधक भूषण गौतम सेवादल प्रधान रमणीक सिंगला ने कि भगवान रामलला के 500 वर्षोंं के बाद टेंट से मंदिर में विराजमान हो जाने से उनकी खुशी कोई ठिकाना नहीं है। इसी उपलक्ष्य में भंडारे व श्री रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर भंडारा सचिव कृष्ण कुमार, राजेंद्र गुप्ता व सभी सदस्य मौजूद थे।

### शिविर में 196 मरीजों की आंखों की जांच की

**पूंडरी**। गांव मुन्नारेहड़ी में समाजसेवी प्रमोद चुहडमाजरा ने नेत्र जांच शिविर अभियान के तहत मुफ्त 32वें जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. षिपाल करनाल व उनकी टीम द्वारा 196 मरीजों की आंखों की जांच कर इनमें से 9 मरीजों को अधिक समस्या होने की वजह से ओप्रेशन करवाने के लिए चयनित किया गया। मरीजों को जांच के बाद परामर्श, दवाइयां और चश्में वितरित किए।

### जनता जानती है भाजपा की नौटंकियांः बाल्मीकि

**गुहला-चीका**। प्रदेश की सूझवान जनता भाजपा की हर नौटंकी को बहुत अच्छी तरह से जानती है जिसके चलते वह किसी भी नौटंकी को सफल नहीं होने देगी। उक्त दावा घग्गर पार के गांव चाबा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्नू राम बाल्मीकि सीवन व बाल्मीकि महासभा के हल्का गुहला प्रधान कन्नू राम बाल्मीकि ने किया। बाल्मीकि ने दावा किया कि कांग्रेस की एक तरफी लहर चल रही है।

---

## होटल, ढाबे, लॉज, धर्मशाला की सघन जांच की

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिला पुलिस अलर्ट

- गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पुलिस लाइन कैथल के मैदान में धूमधाम से मनाया जा रहा है। समारोह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है तथा इस अवसर पर आम लोगों के जान-माल की सुरक्षा तथा अराजक गतिविधियों को मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से छेड़छाड़, चोरी, छीना-झपटी, चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर पैनी नजर रखते शांति व कानून एवं व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक तौर पर समुचित सुरक्षा प्रबंध किया गया है। एसपी उपासना ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों द्वारा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर अपने अपने अधिकार क्षेत्र में पडने वाले सभी होटल, लॉज, धर्मशाला सहित अन्य धार्मिक स्थानों आदि की जांच करते वहां पर ठहरे लोगों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। एसआईएस एसआई सतपाल व डीआई सीईआईडी गुरदयाल की टीम द्वारा भी जांच की । इस दौरान पुलिस द्वारा होटल व धर्मशाला प्रबंधकों को उचित दिशा-निर्देश दिए है। पुलिस द्वारा होटल प्रबंधकों को किसी असामाजिक तत्व व संदिग्ध व्यक्ति के होटल में ठहरने पर पुलिस को तुरंत सूचित करने की हिदायत दी गई। खुफिया तंत्र भी सुरक्षा व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। एसपी ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन ग्राउंड में किया जाएगा। इस समारोह में शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी जाएगी, गणतंत्र दिवस समारोह में विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। परेड का नेतृत्व डीएसपी ललित करेंगें। इससे पहले मुख्य अतिथि शहीद स्मारकों पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।


कैथल। होटलों की जांच करती पुलिस।


कैथल। नाकों की जांच करती पुलिस अधीक्षक उपासना।

### एसपी ने कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश

**कैथल** । गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर क्यू.आर.टी. स्ट्राइंकिंग रिजर्व, लिफ्टिंग पार्टी, बंब डिस्पोजल सहित विभिन्न टीमें तैनात रहेगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुरक्षा के दृष्टिगत करीब 600 कर्मचारी-अधिकारियों की विभिन्न बिंदुओं पर ड्यूटी लगाई है। स्थाई नाकों के अलावा गणतंत्र दिवस तक अस्थाई नाके भी लगाए गए है, जहां पर आने जाने वाले व्हीकलों की सघनता से जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा बस स्टैंड के अलावा भीड भाड वाले स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। शहर व समीपवर्ती क्षेत्र में विशेष बिंदुओं पर स्पेशल नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की जा रही है। मंगलवार को एसपी उपासना द्वारा नाको पर जाकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एसपी द्वारा महिला थाना व ट्रैफिक थाना का भी निरीक्षण करके दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान शहर क्षेत्र में राइडर भिन्न-भिन्न रुटों पर निरंतर गश्त करेंगे।

---

# जनविरोधी नीतियों से लोग दुःखीः प्रदीप

- सांसद दीपेंद्र हुड्डा के सिर सजेगा हरियाणा के सीएम का ताजः प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य, भारत यात्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा का सुनहरा चमकता भविष्य है, जो संसद से लेकर सडक तक प्रदेश की जनता के हितों की आवाज को बुलंद कर रहे है। प्रदीप कुमार हलके के विभिन्न गांवों में कांग्रेस के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पार्टी की नीतियों का प्रचार कर ग्रामीणों व कार्यकत्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदीप कुमार ने कई स्थानों पर आयोजित जलपान समारोह में शिरकत की और ग्रामीणों ने फूलों की माला डालकर स्वागत किया। इसके बाद कस्बे में पंच मुखी चौक पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए प्रदीप चौधरी ने कहा कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा दिन रात जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे है और गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोल रहे है। दीपेंद्र हुड्डा की रैलियों में उमड़ रही रिकार्ड तोड़ भीड़ से साफ हो चुका है कि जनता हुड्डा के साथ है।


कैथल। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप चौधरी कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करते हुए।


कैथल। पुरस्कारों के साथ विजेता खिलाड़ी।

### पावरलिफिटिंग चैंपियनशिप में दिखाया दमखम

**गुहला-चीका**। डब्लयू.पी.सी. इन्डिया की तरफ से नैशनल बैंच प्रैस और डैड लिफट पावरलिफिटिंग चैम्पियनशिप जालंधर पंजाब में करवाई गई। जिसमें शिरोमणि अकाली दल अमृतसर पावर लिफिटंग अकादमी की टीम ने भाग लिया। उक्त जानकारी देते हुए एकेडमी के कोच खजान सिंह ने बताया कि जिसमें जूनियर कैटागिरि में डैड लिफट में चीका के निखिल शर्मा ने गोल्ड मैडल, थेह बिरद के दीपक ने 52 के.जी. भार वर्ग टीम कैटागिरि में 65 के.जी. बैंच प्रैस लगाकर सिल्वर मैडल, 59 के.जी. जूनियर कैटागिरि में 122.5 के.जी. बैंच प्रैस लगाकर चीका के सोनू ने गोल्ड मैडल, 67 के.जी. भार वर्ग में 165 के.जी. डैड लिफट लगाकर साहिल डेरा भाग सिंह चीका ने सिल्वर मैडल, 82.5 के.जी. भार वर्ग जूनियर कैटागिरि में 100 के.जी. बैंच प्रैस लगाकर रवि चीका ने गोल्ड मैडल जीता। उन्होंने बताया कि जूनियर भार वर्ग में सोनू राम चीका 59 के.जी. भार वर्ग में 122.5 के.जी. बैंच प्रैस लगाकर स्ट्रोंग मैन बना। इस मौके पर मास्टर सचिन, कोच दीपेन्द्र सिंह, गुरप्रीत व हरजीत सहगल आदि भी मौजूद रहे।

### छात्रा नीलम ने पास की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा

**कैथल**। आरकेएसडी कालेज के सायंकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग की 2019-21 बैच की पुरातन छात्रा नीलम भाटिया ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा ('यूजीसी नेट') को उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर परीक्षार्थी महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए पात्र बन जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने छात्रा का मुंह मीठा करवाकर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संध्याकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता ने नीलम के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। मेधावी छात्रा नेहा ने अपने उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवम शिक्षकों को दिया और कहा कि वह भी विद्यार्थियों को पढ़ाकर उनके भविष्य को उज्वल बनाना चाहती है।

---

# लोस-विस चुनाव के लिए भाजपा की टीम पूरी तरह से तैयार : गुर्जर

- कमल का फूल लोगों की पहली पंसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जीत का पताका लहराने के लिए भाजपा टीम पूरी तरह से तैयार है। सारा देश व प्रदेश राममय हो चुका है तथा प्रधानमंत्री की नीतियों पर विश्वास कर रहा है। विस और लोस चुनावों में पार्टी ने वार्ड स्तर पर बूथ की कमेटियां, त्रिदेव, पन्ना प्रमुख, वार्ड प्रमुखों की रचना पूर्ण कर ली है। उन्होंने कहा कि कमल का फूल लोगों की पहली पंसद है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में रिकार्ड तोड़ करवाए गए विकास कार्यों के दम पर व जनता के आशीर्वाद से भाजपा चुनाव में जीत हासिल कर कमल का फूल खिलाने का काम करेगी।

भाजपा का हर कार्यकर्ता सभी वार्डों व बूथों में घर-घर जाकर जनता से संपर्क कर सरकार की विकास व लाभकारी नीतियों का प्रचार कर रहा है। भाजपा का हर कार्यकर्ता दिन रात कड़ी मेहनत से संगठन को मजबूत करने के साथ प्रदेश की मनोहर सरकार की विकास व लाभकारी नीतियों का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के साथ सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे है।


भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर



### पुलिस ने बताए नशे के दुष्परिणाम

**कैथल**। मंगलवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार तथा चालक संजय दत्त द्वारा चीका में आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनों का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

---

# हरियाणवी नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

- छात्राओं ने कालेज में किया टिवनिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में आरोही सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पांडवा से छात्राओं ने ट्विनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। आरोही स्कूल की अध्यापिका मैडम मधु व मैडम गीतु के नेतृत्व में यह प्रोग्राम किया गया। मैडम मधु ने बताया कि यह प्रो ग्राम स्कूली छात्राओं की महाविद्यालय की छात्राओं से अभिप्रेरणा लेने के लिए संचालित किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में मंच संचालन का कार्य महाविद्यालय की प्राध्यापिका मैडम रितु ने किया। कार्यक्रम में आरोही स्कूल की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य वह हिप हॉप के जरिए छात्राओं का खूब मनोरंजन किया। वही सहभागिता दर्ज करते महाविद्यालय की कुछ छात्राओं ने भी नृत्य पेश किया। कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोने का काम प्रोफेसर शीशपाल सर ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने आरोही स्कूल से आए अतिथिगण का धन्यवाद किया व छात्राओं को इसी तरह आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को देखते प्राचार्य ने नकद पुरस्कार दिया।


कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राएं

---

# युवा पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान दें : डॉ. मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर त्रिवेणी और भंडारा लगाया गया और वृक्ष मित्र एप्प को लांच किया गया। इसमें एन. एस. एस. के स्वयंसेवकों के साथ झ साथ महाविद्यालय के विद्याथीर्यों को जोड़ा जाएगा। स्वयंसेवक शहर और गावों में संपर्क अभियान चला कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे ।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भाम्बू ने कहा कि युवा पीढ़ी का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान दे। जो प्रकृति की रक्षा करते हैं, प्रकृति उनकी रक्षा करती हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील करते हुए पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। बिगड़ते जलवायु परिवर्तन और गहराते पर्यावरण प्रदूषण के बारे में आज भले ही हम आगाह न हो मगर इसके भविष्य में भयंकर परिणाम हो सकते है।


कैथल। त्रिवेणी लगाते राजकीय कालेज के स्टाफ सदस्य।

# आत्म सुरक्षा के लिए किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राकीय महाविद्यालय राजौंद में महिला प्रकोष्ठ कमेटी की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में प्रवीण कुमार सेल्फ डिफेंस ट्रेनर को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षक ने छात्राओं को हमला या छेड़छाड़ होने की स्थिति में सेल्फ डिफेंस की बेहद प्रभावी तकनीक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया की सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग से छात्राओं का आत्मविश्वास इतना बढ़ जाता है कि वह ने केवल सामाजिक तत्वों से छेड़छाड़ व छींटाकशी की स्थिति में उन्हें करारा सबक सिखा सकती है साथ ही किसी अन्य महिला के साथ छेड़छाड़ की दशा में उनकी मदद भी कर सकती हैं। महाविद्यालय प्रभारी राममेहर सिंह ने बताया कि सभी छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण को लेकर अत्यंत सतर्क रहना चाहिए किसी भी तरह के असहज व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ कमेटी की संयोजिका सुदेश ने बताया कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में दिन प्रतिदिन प्रगति के नए आयाम छू रही हैं मगर इस दौरान उन्हें अक्षर कार्य क्षेत्र, स्कूल, कॉलेज व यात्रा की स्थिति में छेड़छाड़ व छींटाकशी की घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग बहुत जरूरी है इस तरह की कार्यशाला छात्रों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होती है। कार्यशाला में रवींद्र कुमार, विक्रम, दीपक, राजरानी आदि मौजूद रहे।


राजौंद। राजकीय महाविद्यालय के कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।



### गांव करोड़ा कांग्रेस नेत्री सुनीता बत्तान का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**पूंडरी**। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के आदेश का पालना करते वरिष्ठ कांग्रेस महिला नेत्री सुनीता बत्तान ने गांव करोड़ा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष्य में बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। गांव में पहुंचने पर कृष्ण करोड़ा, कश्मीर करोड़ा, चरण सिंह करोड़ा, दलबीर करोड़ा, टेकराम करोड़ा, बलकार कोच करोड़ा सहित अनेक ग्रामीणों ने सुनीता बत्तान का भव्य स्वागत किया। सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए सुनीता बत्तान ने कहा शहीदों के शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता, सुभाष चंद्र बोस भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, शहीदों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। सुनीता बत्तान ने बताया कि सभी करोड़ा ग्रामवासियों ने मिलकर एक विशाल जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम किया और सभी ने मिलकर सुभाष चंद्र जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सुभाष चंद्र बोस जी नमन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन को याद करके हम सभी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में रणधीर चुहड़माजरा, बलजीत चुहड़माजरा, बाबू राम ट्योठा, ओमप्रकाश बरसाना मौजूद रहे।

---


राजौंद। महिला ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती हुई महिलाएं।

### आलू-चम्मच दौड़ में सेरधा की पूनम ने मारी बाजी

**राजौंद**। नगर के सरकारी स्कूल के खेल मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग राजौंद द्वारा ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीता पंवार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में खंड राजौंद के आस पास के गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान विभाग द्वारा 6 प्रकार के खेलों का आयोजन करवाया गया। जिसमें आलू चमच दौड़ में प्रथम स्थान पूनम सेरधा, द्वितीय सुदेश तारागढ़, तृतीय नरेश तारागढ़ ने प्राप्त किया। इसी तरह मटका दौड़ में प्रथम केलो देवी राजौंद, द्वितीय सुदेश खेड़ी सिंबल वाली व तृतीय स्थान कविता राजौंद ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में मुकेश गुलियाना प्रथम, पूनम किठाना ने द्वितीय स्थान तथा सुदेश राजौंद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 300 मीटर दौड़ में प्रीति खुरडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ममता सेरधा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि खुश्बू कसान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 400 मीटर दौड़ में पूजा जाखौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मनीषा सौंगरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा आरती सेरधा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 5 किलोमीटर साइकिल दौड़ में रवीना बीर बांगड़ा प्रथम, रीटा राजौंद द्वितीय तथा नैंसी किठाना तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को सीडीपीओ ने प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया। सीडीपीओ ने बताया कि ईनाम की राशि सीधे इनके खाते में डाल दी जाएगी। अंत में सीडीपीओ ने सभी प्रतिभागियों को बहुत बहुत बधाई दी।

## एक दिवसीय खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# भूजल का संरक्षण बहुत जरूरीः कंचन लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अटल भूजल योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद कैथल की डिप्टी सीईओ कंचन लता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में राजौंद खंड की ग्राम पंचायतों से आई भूजल सहेलियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्यातिथि कंचन लता ने कहा कि अटल भूजल योजना के तहत खंड स्तर पर इस तरह के क्वालिटी प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं जो आने वाले समय में भूजल बचाने के लिए दिशा दिखाने का काम करेंगें। पंचायत विभाग भी इस दिशा में काम कर रहा है और राजौंद ब्लॉक की उनकी पूरी टीम अब इस विषय को और महत्व देते हुए काम करेगी। ग्राम सभाओं की मीटिंग अटल भूजल योजना की टीम के साथ करते भूजल बचाने संबंधित कामों को प्रमुखता दी जाएगी।


राजौंद। जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता कर्मचारियों को सम्मानित करते।

### ये रहे उपस्थित

इसमें ग्रामीणों के साथ साथ भूजल सहेलियां सबसे अहम कड़ी हैं और वे अपना योगदान इस योजना को सफल बना सकती हैं। ग्राम स्तर पर भी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाते हुए जागरुक किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने कहा कि आज दुनिया और देश के कई शहर सूखे का सामना कर रहे हैं और कई शहर इसके मुहाने पर खड़े हैं। हमें अगर ऐसी परिस्थितियों से खुद को बचाना है तो इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व को समझते काम करने की जरुरत है।अटल भूजल योजना टीम से ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट शिवकुमार, जेई सुमीत वर्मा, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट विशाल कांबोज, डीआईपी से नर सिंह, संजय कुमार व विनोद कुमार के साथ ही संबंधित विभागों से बीटीएम अमनदीप, बीएचसी रजत, फील्डमैन राजबीर, पब्लिक हेल्थ से बीआरसी विष्णु शर्मा, एचएसआरएलएम से बीपीएम बलजीत सिंह, ग्राम सचिव सुरेंद्र शर्मा, गोविंद सिंह, कुलदीप सिंह व नरेश कुमार मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



जींद। जेजेपी कार्यालय में लड्डू बांट कर खुशी मनाते जेजेपी कार्यकर्ता। फ

## डिप्टी सीएम के घर जन्मी बेटी मनाई खुशी

**उचाना।** भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पिता बने। इस दिन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। डिप्टी सीएम निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि डिप्टी सीएम के घर पहले बच्चे के रूप में बेटी ने जन्म लिया। जेजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर दुष्यंत के परिवार को शुभकामनाएं देने के साथ-साथ लड्डू बांट कर खुशी का हिस्सा बने।

## लघु सचिवालय परिसर में दूसरे दिन भी धरना दिया

**जींद ।** गौमाता के लिए जगतानंद महाराज का अनशन लघु सचिवालय परिसर में मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शमशेर हैबतपुर ने की। सरकार अगर समय रहते नहीं जागी तो इसका खामियां जो उन्हें भुगतना पड़ेगा। धरने पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान भी पहुंचे।

## सफीदों विस में संदेश यात्रा का होगा स्वागत

**सफीदों।** सफीदों विधानसभा में पांच फरवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा की संदेश यात्रा का स्वागत होगा। संदेश यात्रा को लेकर मुख्य नेता व क्रांतिकारी कार्यकर्ता की विशेष बैठक पूर्व नगरपालिका प्रधान राकेश जैन के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्ष कांग्रेस नेता ईश्वर कौशिक ने की। जिसमें मुख्य रूप से देवेंद्र, अरुण खर्ब, ओबीसी कांग्रेस के जिला प्रधान सत्यवान सेन मौजूद रहे।

## भूरिया शर्मा को राम की फोटो से सम्मानित किया

**उचाना।** पुरानी अनाज मंडी में 1992 में राम मंदिर निर्माण को लेकर शुरू हुए आंदोलन का हिस्सा रहे उचाना के भूरिया शर्मा को अग्रवाल जनहित समिति द्वारा सम्मानित किया गया। भगवान राम की फोटो के साथ-साथ प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 26 से शुरू हो जाएगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**गुहला-चीका।** शहर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा संचालित महावीर दल अस्पताल में मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा 26 जनवरी से शुरू हो जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सतप्रकाश गर्ग ने बताया कि यहां लोग उक्त सुविधा शुरू करने की लम्बे समय से मांग कर रहे थे।

## मोदी के रूप में मिला देश को सशक्त नेतृत्वः संदीप

**उचाना।** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने से देश के हर वासी का सपना पूरा हुआ है। 22 का दिन देश के ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन का जो हिस्सा बने है उनके लिए गर्व की बात है। गल्ली हो या मोहल्ला, बाजार हर जगह भगवान राम के रंग में रंगे लोग नजर आए। यह बात संदीप आर्य घोघड़िया ने कही। संदीप ने कहा कि देश को ऐसा सशक्त नेतृत्व मोदी के रूप में मिला।

### 127वीं जयंती पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# आजादी के लिए नेताजी के संघर्ष और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जींद में किया नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। पटियाला चौक पर नेता जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी तथा सीवन में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जींद पहुंचे और नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी के लिए कठिन संघर्ष किया और ष्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारों से देशवासियों में नए जोश का संचार किया और देश के क्रांतिकारियों ने नया जोश भरा। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष और अतुल्य योगदान के लिए नेताजी सदैव याद किए जाएंगे। वह अपने भाषणों और नारों से लोगों में जोश भर देते थे। उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नायब सैनी ने कहा कि कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट कर लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा में केंद्र सरकार की योजनाओं पर योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सही मायने में सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने इंडिया गेट के पास से जॉर्ज पंचम की प्रतिमा को हटा कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को स्थापित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन व उनके आदशोंर् से प्रेरणा लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने उन्होंने जींद पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धवन समेत सैंकड़ों कार्यकतार व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आजाद हिन्द फौज के स्थापक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**सीवन।** महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के समय सीवन के मुख्य मार्ग पर स्कूल के पास नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर भाजपा आई.टी. सैल के जिलाध्यक्ष बलविन्द्र जांगड़ा, सीवन मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, सतीश मुंजाल, नरेश मुंजाल ने कहा कि नेताजी की जयंती को हम पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाते हैं। उन्होंने जो हमारे देश के लिए किया उसके लिए हम कृतज्ञ हैं। उन्होंने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की ताकि युवा उनके साथ जुड़ सकें और देश को आजाद करवाने में सहयोग करें। भारत देश को आजाद करवाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर बाल कृष्ण मोरे, शैली मुंजाल, पंचायत समिति चेयरपर्सन प्रतिधिनि बरजिन्द्र सौथा, पवन चुघ, कुमारी संगीता, सुभाष भगत व अन्य मौजूद थे।



जींद। वेदांता स्कूल में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती। फोटो : हरिभूमि

## वेदांता स्कूल में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**नरवाना।** वेदांता स्कूल में मंगलवार को स्वतंत्रता.संग्राम के अग्रणी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए गए व उनकी जीवनी विद्यार्थियों को दिखाई गई ताकि सभी विद्यार्थी उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रवि श्योकन्द, डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या वीना डारा के साथ-साथ सभी शिक्षक.शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्ज्वलित करके नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर इंजी0 प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब भी आजादी के लिए अपना महान योगदान व क्रांतिकारियों का नाम आता है तो वाह नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम सबसे ऊपर आता हैए क्योंकि देश की स्वतंत्रता में उनका महान योगदान था।



जींद। नरवाना-एसडी महिला कालेज में हुए कार्यक्रम के दौरान मौजूद एनसीसी कैड्टस।

## एसडी महिला कालेज में किया नमन

**नरवाना।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्य जयंती पर एस डी महिला महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों यूनिट्स की स्वयं सेविकाओं तथा एनसीसी की कैडेट्स ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय प्राचार्या डा.अंजना लोहान ने आज पराक्रम दिवस पर छात्राओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व, कौशल, निडरता व देशभक्ति के बारे में बताया। तथा उनका देश के प्रति अपने कर्तव्य पूर्ण करने और उसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आवाहन किया। एनएसएस यूनिट एक प्रभारी मधु शर्मा ने एनएसएस स्वयं सेविकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें नेताजी जैसे महान राष्ट्र भक्तों व स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के बारे में जानने तथा उनसे यथोचित प्रेरणा लेकर अपने जीवन में लागू करने की बात की। एनसीसी प्रभारी डा.नयनदीप ने बताया कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन करने के लिए अपने देशवासियों को तुम मुझे खून दो, में तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया।



कैथल। गांव जाखौली के आदर्श स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

## आदर्श स्कूल जाखौली में दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली में हर साल की तरह समर्पित स्वतंत्रता सेनानी और कल्पनाशील नेता सुभाष चंद्र की जयंती को गर्व से मनाया गया। विद्यालय में इस महान राष्ट्रीय के जीवन और योगदान की श्रद्धांजलि के रूप में दीपक जलाकर फूल अर्पित किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि उपाधि के साथ शुरू होने वाला यह उत्सव, जहां छात्र छात्राओं को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सुभाष चंद्र के प्रभावपूर्ण परिणामों के बारे में जागरूक करेगा। इस दौरान छात्र छात्राओं और शिक्षकों द्वारा प्रेरणादायक भाषण और श्रद्धांजली जो सुभाष चंद्र द्वारा प्रतिष्ठित साहस, संघर्षशीलता और देशभक्ति के मूल्यों को प्रतिष्ठित करेगा। इस दौरान विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी न केवल एक श्रद्धांजलि का कार्य करेगी बल्कि भविष्य की पीढ़ी को भी नेता जी के आदशोंर् पर चलने के लिए उत्साहित करेगी आदर्श स्कूल जाखौली एक अग्रणी शिक्षा संस्थान है, जो युवा मनों को पोषित करना व उनको एक अच्छा बनने में रास्ता भी दिखता है।

## पराक्रम दिवस पर किया स्वयंसेवकों से संवाद

- नेता जी ने किया जय हिंद का प्रयोग करने की परम्परा का आगाज : डॉ. मनोज



कैथल। पराक्रम दिवस के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. मनोज कुमार।

**कैथल।** डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर राष्ट्रिय सेवा योजना के बैनर तले पराक्रम दिवस पर स्वयंसेवकों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवकों को नेता जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भाम्बू ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बताया कि सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिन्द सरकार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगे को और राष्ट्रगान के रूप में जन-गण-मन को चुना और अभिवादन के लिए ह्य जय हिंदह्न का प्रयोग करने की परम्परा का आगाज किया। उनके द्वारा दिए गए उद्बोधन में दिल्ली चलो के नारे ने आज भी लोगों में जोश भरने का काम जीवित रखा है। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस का जीवन साहस, शक्ति और पराक्रम की ऐसी प्रेरणादायक गाथा है जिसने भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम किया है। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जीवन स्वतंत्रता, समानता, साहस से भरपूर है। ऐसे हीरो सदैव जीवित रहकर अपने राष्ट्र के युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जाखड ने बताया कि 21 अक्टूबर सन 1943 का दिन इतिहास कभी न भुला पाएगा, जब भारत पर अंग्रेजी हुकूमत थी और सिंगापुर में आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति के तौर पर सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी। जिसे 9 देशों ने मान्यता दी जिसमें जर्मनी, फिलीपींस, जापान जैसे देश शामिल थे। मौके पर डॉ. मेहर सिंह, वीरेंद्र खटकड़ आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।



जींद। शामलो कलां गांव में सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते स्कूली स्टाफ और छात्र। फोटो : हरिभूमि

## जुलानाः राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला शामलो कलां मे मनाई सुभाषचंद्र बोस जयंती

**जुलाना।** भारत स्काउट गाइड की कब बुलबुल टीम द्वारा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला शामलो कलां मे नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कब बुलबुल के बच्चों द्वारा नेताजी की फोटो पर षुष्प अर्पित करके उनके बलिदान को याद किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त व मुख्य शिक्षक सुदेश सहरावत ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक व आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उडीसा के कटक नामक नगरी में हुआ था। देशबंधु चितरंजन दास के संपर्क में आए और उनको अपना गुरु मानते हुए देश को आजाद कराने के लिए आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने आजाद हिंद फौज का विस्तार किया।







जींद। नेता जी को नमन करते महाविद्यालय स्टाफ व छात्र तथा बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी और पटियाला चौक पर नेता जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि



कैथल। नेता जी को याद करत पवनार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पवनार पब्लिक स्कूल में किया नेताजी को याद

**कैथल।** पवनार पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। प्रधानाचार्य जोगिंदर दूल ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ। नेताजी ने अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा पाने के लिए आजाद हिंद फौज और इंडियन नेशनल आर्मी का गठन किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'। धन्य हो उनकी माता- पिता प्रभावती बोस एवं जानकी नाथ बोस जिनके घर ऐसे शूरवीर का जन्म हुआ। अनेक बलिदानियों के सहयोग से बॉस ने आजादी दिलवाई। कार्यक्रम संयोजक ज्योति संधू ने देशवासियों से आह्वान किया की खून और बलिदान द्वारा मिली आजादी को बरकरार रखें तथा राष्ट्र प्रेम को अपने दिल में सजा कर रखें। बलिदान डॉक्यूमेंट्री देखते-देखते बच्चों में जोश आ गया और वे जय हिंद-जय हिंद का नारा लगाने लगे।

## जय हिंद बोस के नारों से गूंज उठा जींद

**जींद।** स्वतंत्रता सेनानियों के खून में शक्ति का संचार करने वाले तथा संपूर्ण देश का अभूतपूर्व नेतृत्व करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से डीएन मॉडल स्कूल में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा पटियाला चौक स्थित नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार न केवल नेता जी कुशल राजनीतिज्ञ थे, अपितु महान सेनापति, वीर सैनिक एवं प्रखर बुद्धि के स्वामी थे। उन्होंने कहा कि वो सुभाष चंद्र बोस ही थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्रा'य को उखाड़ फेंकने के लिए भारत के बच्चे-बच्चे को स्वतंत्रता की बलिवेदी पर हंस-हंसकर अपनी जान न्योछावर करने को तैयार करने के लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया। जिसकी गूंज संपूर्ण भारत में सर्वत्र दिखाई देती है। वर्तमान समय में भी हमें हमारे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए तथा नेता जी द्वारा हित में किए गए महान कार्यों से सीख लेकर राष्ट्र नवनिर्माण में अपना योगदान देना चाहिए, तभी हम सच्चे अर्थों में भारतवासी हैं।

## सुप्रीम स्कूल में मनाई सुभाष चंद्र जयंती

सुप्रीम स्कूल प्रांगण में सुभाष चंद्र जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन का परिचय दिया और उनके बलिदान की गाथाएं सुनाई। स्कूल प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय राष्ट्रवादी थे। लोग आज भी उन्हें उनके देश प्रेम से जानते हैं। इस सच्चे भारतीय व्यक्ति का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। सुभाष चंद्र बोस निश्चित रूप से एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करते हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करते थे। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है।

## सीआर कॉलेज में छात्रों और स्टाफ ने नेता जी को किया नमन

छोटू राम किसान महाविद्यालय में आजादी की लड़ाई में अग्रणी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मंगलवार को मनाई गई। प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने भारत की आजादी के लिए कई आंदोलनों में भाग लिया। नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। नेताजी द्वारा देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व योगदान देने व उनको नमन करने के लिए हर वर्ष 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेताजी ने युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का ज'बा पैदा किया, उन्होंने जय हिंद, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा आदि नारे दिए। जिससे युवाओं को आजादी के लिए लड़ने की प्रेरणा मिली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 से नेताजी के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। इस अवसर डा. राममेहर सिंह, प्रो. अजमेर गोयत, प्रो. सतेंद्र कुंडू, प्रो. जगबीर सिंह, प्रो. संजय खर्ब, प्रो. विनोद गिल, प्रो. सुशील शर्मा, डा. मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

## उचानाः जिलास्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रही केवी बुडायन की आंचल



उचाना। जिलास्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में बनाई गई पेंटिंग के साथ प्रतिभागी।

**उचाना।** नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों द्वारा हिस्सा लिया। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार, कला अध्यापक राजकुमार सांगवान की अगुवाई में स्कूलों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए निमंत्रण भेजा गया। परीक्षा पर चर्चा के मूल मंत्रो के फल स्वरुप सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई गई। प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सर्वश्रेष्ठ चित्रकारी के लिए प्रथम आंचल 9वीं केवी बुडायन, द्वितीय मुस्कान दीक्षित 11वीं जवाहर नवोदय विद्यालय जींद, तृतीय मुस्कान सिंधु 12वीं इंडस पब्लिक स्कूल जींद, चतुर्थ निधि 10वीं केवी बुडायन, पंचम शुभनीत 10वीं उचाना रहे। निर्णायक मंडल में हरिंदर प्रसाद (कालेज आफ आर्ट,नई दिल्ली), कला शिक्षक सुभाष हालू, राकेश कुमार द्वारा हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा परीक्षा के मूल मंत्रो, विकसित भारत सुभाष चंद्र बोस, आदित्य एल-1 इत्यादि विषयों पर सुंदर चित्रकारी की।

### उपायुक्त ने बधाई देते हुए बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की

# मन्नत का पालन पोषण करेंगे महाराष्ट्र के दंपत्ति

- औपचारियकताएं पूरी करवा बच्ची को दिया गया गोद : उपायुक्त मोहम्मद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बच्ची को गोद देने के दौरान बच्ची से दुलार करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा की बेटी मन्नत का पालन पोषण अब महाराष्ट्र के दंपत्ति करेंगे। इस बच्चे को हरियाणा बाल सरंक्षण ईकाई द्वारा सभी औपचारियताएं पूरी कर महाराष्ट्र के दंपत्ति को गोद दिया गया है।

इस बच्चे को गोद देने की कानूनी प्रक्रिया बाल सरंक्षण इकाई द्वारा पूरी की गई। उपायुक्त ने बच्ची के उ'जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अब बच्ची का पालन पोषण उनके नए घर में होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे को नया परिवार मिला है और उन्हें पूरा विश्वास है कि वह नए परिवार को खुशहाली से भर देगी। उन्होंने बच्ची को गोद लेने वाले महाराष्ट्र के दम्पत्ति हरीश व पूजा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसकी शिक्षा दिक्षा अच्छी तरह से की जाए ताकि यह बड़ी होकर अपने मां व बाप का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा बाल सरंक्षण इकाई भारत की केंद्रीय अडॉप्शन एजेंसी कारा के नियमों के तहत अडॉप्शन कार्यक्रम चलाती है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सलोचना कुंडू, जिला बाल सरंक्षण अधिकारी सुजाता, विजय कुमार, बच्ची के पिता पवन कुमार व माता तथा गोद लेने वाले उनके रिश्तेदार महाराष्ट्र के दंपत्ति मौजूद रहे।

### पोर्टल पर होता है आवेदन

बाल सरंक्षण इकाई द्वारा पोर्टल पर बेसहारा बच्चा अडॉप्शन के लिए आए आवेदन या बच्चे के माता-पिता की इच्छा अनुसार उनके निजी रिश्तेदार को बच्चा गोद दिये जाने की प्रक्रिया को पूर्ण करवाती है। बाल सरंक्षण इकाई बाल कल्याण के क्षेत्र में पूरी प्रतिबद्घता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में जिला बाल सरंक्षण ईकाई द्वारा दरियावाला गांव की मन्नत के पिता पवन कुमार व माता रानी की इच्छानुसार रानी की बहन जो महाराष्ट्र के दंपत्ति है को अपनी इच्छा अनुसार सभी कानूनी प्रक्रिया पूरा करने के बाद ही बच्ची को गोद दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अडाप्शन एजेंसी कारा के तहत सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होती है और लंबी प्रक्रिया उपरांत ही किसी भी बच्चे को अडॉप्शन में दिया जाता है।



जींद। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते एडवोकेट विजयपाल सिंह व अन्य।

## पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया नेताजी का जन्मदिवस

**सफीदों।** नगर के आहलुवालिया भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्मदिवस पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने शिरकत की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनको नमन किया गया। एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि 2021 में पीएम मोदी ने इस दिन को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने का ऐलान किया था। नेताजी के पराक्रम को सम्मान देने के लिए फैसला लिया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005